ISO NO.:21-ICA-02AA-1283

PWBVY
प्रगतिवाद बाल विकास योजना

"हम सब का यह नारा है, निरक्षर को साक्षर बनाना है" रजि, सं०-110
॥ दान से अनुदान तक ॥

प्रगतिवाद बाल विकाश योजना

प्रधान कार्यालय :- 309, तीसरी मंजिल आदर्श कॉम्प्लेक्स, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110052
कार्यालय :- सुपौल ब्लॉक के पास, सुपौल, बिहार-852131

E-mail: info@pwbvyindia.org
Website:- www.pwbvyindia.org

CSR NO.:- 00027651
NITI AAYOG ID: DL/2020/0251982
PAN NO.- AAETP3469J

Section-80G
Unique Registration No.:AAETP3469JF20220
Section-12A
Unique Registration No.:AAETP3469JE20214

पत्रांक: PWBVY/146/BR24 दिनांक: 23/July/2024

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
पूर्वी चंपारण (बिहार)–845401

विषयः– प्रगतिवाद बाल विकास योजना ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यकर्मो में प्रोत्साहन करने हेतु अधीनस्थ पदाधिकारी को निर्देश देने के संबंध में।

मोहदय ,

हमारी संस्था प्रगतिवाद बाल विकास ट्रस्ट भारतीय ट्रस्ट अधिनियम–1882 के अंतर्गत दिल्ली से अखिल भारतीय स्तर पर पंजीकृत है।
जिसकी पंजीयन संख्या 110 है। दिल्ली प्रदेश में प्रधान कार्यालय– प्लॉट नंबर–309,तीसरा मंजिल,आर्दश कॉम्प्लेक्स,कम्युनिटि सेंटर,वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया,दिल्ली–110052 में स्थित है। हमारी संस्था का मुख्य उघेश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिक्षा को बढावा देना और सामाजिक कल्याण के कार्य करना। जिसके अंतर्गत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों कें विभिन्न प्रखंडों मे निम्रांकित कार्यक्रम चला रहे है। इस संबंध में आप से अनुरोध है की आप अपने स्तर से सभी प्रखंड विकाश पदाधिकारी एंव पंचायत मुखिया को अपेक्षित सहयोग देने हेतु निर्देशित करने की कृपा की जाए।

चलाये जा रहे कार्यक्रम का ब्यौरा निम्रवत है।

- बाल विवाह रोकथाम जागरूक्ता अभियानः– बाल विवाह से उत्पन्न विकृतियों और सामाजिक बुराइयों के प्रति आम नागरिक को जागरूक करने के लिए हमारे कार्यकर्त्ता राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर जागरूक्ता शिविर संगोष्ठी और नुक्कड़ नाट्क एवं सभा के माध्यम से लोगों को जागरूक करते है।

- प्रगतिवाद बाल विद्यालयः–प्रगतिवाद बाल विकास योजना ट्रस्ट के अंतर्गत प्रगतिवाद बाल विद्यालय हर वार्ड में खोलकर उसके द्वारा उस वार्ड के 3 से 6साल के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं पोषाहार देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाः –ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो मे शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों एवं महिलाओं को स्वालंबी बनाने हेतु कला कम्प्यूटर सिलाई ,कटाई,बुनाई पेटिंग,सौन्दर्य प्रसाधन व्यावसायिक तकनिकी एवं गैर तकनिकी प्रशिक्षण देना।

82 23-7-24

- ग्रामीण क्षेत्र में ट्रस्ट के सदस्य जाकर नाशा मुक्त जीवन जीने हेतु जागरुक्ता शिविर नुक्कड़ सभा और जन सम्पर्क के माध्यम से जागरुक्ता लाने का कार्य कर रही है।

- संस्था के उद्येश्यों की प्राप्ती हेतु सदस्य बनाना:— चूँकी वर्तमान में संस्था को किसी सरकारी /गैर सरकारी आर्थिक सहायता मुहैया नही कराई गयी है इसलिए संस्था अपने सदस्यों से चंदा प्राप्त कर उपर वर्णित कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है।

- बेटी बचाओ बेटी पढाओ,कन्या भ्रुण हत्या, बाल मजदुरी और दहेज प्रथा की रोकथाम के लिए संस्था विशेष टीम गठित कर त्री स्तरिय व्यवस्था जिला,प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सदस्य नियुक्त कर जागरुकता लाने का कार्य कर रही है।

- ग्रमीण एवं शहरी क्षेत्र में संस्था अपने सदस्यों के परिवार के लिए एक शादी कोष का गठन किया है जिसमे सदस्य के परिवार के बच्चों जिनकी आयु 0—14 वर्ष होती है तो उनका पंजीयन करती है। अनाथ एवं शारीरिक दिव्यांग बच्चों के लिए पंजीयन निःशुल्क है। 21 वर्ष की आयु के उपरांत शादी होने पर प्रोत्साहन राशी अनुदान स्वरुप विवाह सामग्री के शादी समारोह में दी जाती है।

- पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगो को जागरुकता करना एवं वृक्ष —रोपण को बढावा देना । हरीत क्रांति के क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओ से ग्रामीण क्षेत्रो को अवगत करना।

- रक्त दान जीवन दान के अतर्गत आमलोगों को जागरुक करना और बिहार के विभिन्न जिले में रक्त दान शिविर लगाना ताकि प्राकृतिक आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य जन सेवा में सहयोग करना ।

- प्रगतिवाद बाल विकास योजना ट्रस्ट के अतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में वार्ड स्तरिय प्रगतिवाद बाल विद्यालय की स्थापना की जा रही है इस विद्यालय को सुचारु रुप से चलाने हेतु बाल सेविका, बाल सहायिका एवं कार्यकर्त्ता की चयन संस्था के द्वारा किया जाता है।

- भारत सरकार के कार्यक्रम स्वच्छता अभियान और खुले में शौच मुक्त भारत को विभिन्न माध्यम से जागरुक्ता शिविर नुक्कर नाटक के द्वारा आम जनता को जागरुक करना।

अतः अनुरोध है कि आप अपने स्तर से सभी प्रखंड विकाश पदाधिकारी एंव पंचायत मुखिया को अपेक्षित सहयोग देने हेतु निर्देशित करने की कृपा की जाए।

संस्था इस कार्य के लिए आपका आभारी रहेगा ।

PARAS BISHWAS

अध्यक्ष
प्रगतिवाद बाल विकास योजना ट्रस्ट
बिहार